# मेट्रो सिटी

हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**
नागपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024


## शहर में घूम रहा तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर।** वाडी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त जानकारी के बाद छापामार कार्रवाई कर आंबेडकर नगर कंट्रोल वाडी में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में यह व्यक्ति नागपुर शहर व ग्रामीण परिक्षेत्र से तड़ीपार निकला. आरोपी का नाम प्रीतम उर्फ सिंगू उमाशंकर शर्मा (27) आंबेडकर नगर निवासी बताया जा रहा है. उसे परिमंडल क्रमांक एक अंतर्गत 15 नवंबर को 2 वर्ष के लिए नागपुर शहर व ग्रामीण परिक्षेत्र से तड़ीपार किया गया था। अवैध रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के शहर में घूमने के चलते उसके खिलाफ वाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## विधानसभा चुनाव दिव्यांगों के लिए हेल्पलाइन और दिव्यांग रथ

**नागपुर.** विधानसभा सामान्य चुनाव 2024 के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 20 नवंबर को नागपुर शहर के सभी विधानसभा क्षेत्रों के बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सभी दिव्यांग नागरिकों से अनुरोध है कि वे इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक मतदान करके अपने मतदान का अधिकार निभाएं, ऐसा आह्वान जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन इटनकर ने किया है।

दिव्यांग मतदाताओं के लिए नागपुर शहर में सभी बूथों पर दिव्यांग रथ (वाहन) की व्यवस्था की गई है। नागपुर शहर के विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए बूथ तक पहुंचने में सहूलियत हो, इसके लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। यदि किसी दिव्यांग या 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता को मतदान करने में कोई कठिनाई हो, तो वे सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 8329131808 (प्रफुल गोहते) और 8623825845 (सुशिल शिंदे) पर संपर्क कर सकते हैं।

## 17 अवैध शराब बेचने वाले गिरफ्तार

### >14.98 लाख का माल जब्त

**नागपुर।** पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के अड्डों पर छापेमारी की. इस दौरान अवैध शराब बेचने वाले 17 विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया. छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं के पास से देशी और महुआ शराब समेत कुल 14.98 लाख रुपये का सामान जब्त किया. गिरफ्तार आरोपियों में नरसाला निवासी आशीष दिनेश मोहित, नवीन सूबेदार लेआउट निवासी अनिल महादेव राव काले, बिनाकी मंगलवारी निवासी नरहरि अर्जुन शामिल हैं.

चिमुरकर, नवीन मंगलारी निवासी अश्विनी राजेश निनावे (21), टिमकी तहसील निवासी संजय विट्ठल वानखेड़े, येरनगांव निवासी मंगल सुखराम भोसले, माधव नगर झोपड़पट्टी गोरेवाड़ा निवासी दिनेश लाखन ठाकुर, मसाला गांव कोराडी निवासी दीपक सुधाकर यावलकर, महादुला सिद्धार्थ नगर निवासी रमेश आनंद राव गौरी, क्रिश्चियन कॉलोनी जरीपटका निवासी सलमा शेख रहमत शेख, न्यू इंदौर रिपब्लिकन नगर निवासी अकख नीलकंठ सांगोले, तुलसी नगर डंपिंग यार्ड निवासी वृषभ राजू फुलकर और बबलू राजू फुलकर, पंकज घाट रोड, गणेश पेठ निवासी साहू, पंच पावली निवासी धूप सिंह जीत सिंह टाक, वैशाली नगर मेहंदी बाग रोड निवासी गजब सिंह जय सिंह बाहुरी, वैशाली नगर निवासी ज्ञानेश्वर वाकोडिकर और चार खंबा चौक निवासी शेख रमजान शेख इकबाल शामिल हैं.

# विदर्भ की 62 सीटों पर आज फैसला

### विधानसभा चुनाव में 1023 उम्मीदवार आजमाएंगे अपना नसीब

**नागपुर।**



महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में विदर्भ के 62 सीटों पर आज वोट डाले जायेंगे. इसके लिए 1023 उम्मीदवार अपना नसीब आजमा रहे है. विदर्भ में पहली बार मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ के पार पहुंच गई है. 2019 में 2 करोड़ से कम मतदाता थे. इन वर्षों में 750622 मतदाता विदर्भ में बढ़े, जिसके कारण विदर्भ में वोटरों की संख्या बढ़कर 2,00,37,221 हो गई है. ये वोटर विदर्भ के ६२ विधायक चुनेंगे.

विदर्भ में नागपुर सबसे बड़ा क्षेत्र है. विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ वोटरों की संख्या भी कहीं अधिक है. नागपुर में खड़े 117 उम्मीदवारों का भाग्य 4525997 वोटर तय करेंगे. नागपुर के बाद मतदाता के अनुसार अमरावती सबसे बड़ा क्षेत्र है. अमरावती में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 25-46458 के उपर निकल गया है. विदर्भ के जिलों में मतदाता के हिसाब से गढ़चिरोली सबसे छोड़ा जिला है, जहां पर 821455 मतदाता हैं. खेती-किसानी वाले विदर्भ में विधानसभा की 62 सीटें हैं, जिनमें से 35 क्षेत्रों में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला है, विदर्भ की सात सीटों पर अजीत पवार और शरद पवार नेतृत्व वाली पार्टी के बीच भी आमने-सामने टक्कर होगी. इसके अलावा छह सीटों पर एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सेना भी सीधी लड़ाई लड़ रही है.

**• विदर्भ के 11 जिलों में मतदाताओं की संख्या**

| जिला | मतदाता |
|---|---|
| बुलढ़ाणा | 2134500 |
| अकोला | 1623144 |
| वाशिम | 1009107 |
| अमरावती | 2546458 |
| वर्धा | 1132326 |
| नागपुर | 4525997 |
| भंडारा | 1016870 |
| गोंदिया | 1125100 |
| गडचिरोली | 821455 |
| चंद्रपुर | 1850102 |
| यवतमाल | 2243162 |
| कुल | 2,00,37,221 |

विदर्भ इसलिए भी राजनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि 2014 में इस क्षेत्र की 62 में से 41 सीटें जीतकर भाजपा अकेले 122 सीटों के अब तक के उच्चांक तक पहुंच सकी थी, जिसके कारण उसे पहली बार राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिला. लेकिन 2019 में जब विदर्भ में भाजपा की सीटें घटकर 29 हो गईं, तो भाजपा सत्ता से दूर हो गई. बता दे कि 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 29 और कांग्रेस ने 15 सीटों पर जीत हासिल की थी.

| जिला | विस क्षेत्र | मतदान केंद्र |
|---|---|---|
| नागपुर | 12 | 4610 |
| बुलढाणा | 7 | 2288 |
| अकोला | 5 | 1741 |
| वाशिम | 3 | 1100 |
| अमरावती | 8 | 2682 |
| यवतमाल | 7 | 2578 |
| गढ़चिरोली | 3 | 972 |
| वर्धा | 4 | 1342 |
| गोंदिया | 4 | 1285 |
| भंडारा | 3 | 1167 |
| चंद्रपुर | 6 | 2076 |
| **कुल** | **62** | **21841** |

**जिला निहाय विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार**

| जिला | उम्मीदवार | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|
| बुलढ़ाणा | 115 | 105 | 10 |
| ओकोला | 70 | 65 | 05 |
| वाशिम | 62 | 54 | 08 |
| अमरावती | 160 | 140 | 20 |
| वर्धा | 60 | 53 | 07 |
| नागपुर | 217 | 221 | 16 |
| भंडारा | 50 | 46 | 04 |
| गोंदिया | 64 | 62 | 02 |
| गडचिरोली | 29 | 23 | 06 |
| चंद्रपुर | 94 | 86 | 08 |
| यवतमाल | 102 | 100 | 02 |
| कुल | 1023 | 935 | 88 |

### विदर्भ की सबसे बड़ी ओबीसी जाति है कुनबी

बता दें कि कुनबी समाज विदर्भ की सबसे बड़ी ओबीसी जाति है। इनका इलाके में बहुत प्रभावी सियासी प्रभाव है। इनके बाद तेली, माली और पोवार समुदाय का रोल माना जाता है। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के बाद से लगातार ओबीसी समीकरण साधने में अपना पूरा दम लगाया है।

## चोरों ने 2.14 लाख का कंस्ट्रक्शन मटेरियल उड़ाया

**नागपुर।** सीताबर्डी पुलिस थाना अंतर्गत अज्ञात चोरों ने कंस्ट्रक्शन के लिए रखें सामान को एक खुली जगह से चोरी कर लिया. पुलिस ने फरियादी अनिकेत हीरालाल कनोजे (34) गोविंद नगर, वर्धा रोड निवासी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिकेत कनोजे का कंस्ट्रक्शन का काम है. उन्होंने कंस्ट्रक्शन के लिए लगने वाले सामान को सीता बर्डी के मधुशाला बार के बाजू में स्थित खुली जगह पर रखा था. जब वह सामान लेने पहुंचे तो उन्हें 180 नग जैकप्रास, 15 ऑक्टो, 45 नग ओडी पाइप, 45 नग जॅकबेस जॅक सहित करीब 2,14,500 रुपयों के माल गायब दिखा। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

## दिनदहाड़े चोरों ने घर से उड़ाए 20 लाख के गहने

**नागपुर।**



अजनी थानांतर्गत मानेवाड़ा रिंग रोड पर चोरों ने एक मकान में सेंध लगा कर करीब 20 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए. दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. स्थानीय नागरिक भी दहशत में है. महज 10 मिनट के भीतर चोर पूरी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए. पुलिस ने पीपीपी टावर मानेवाड़ा रिंग रोड निवासी भारती विरेंद्र डोंगरे (37) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है.

भारती गृहणी है और उनके पति विरेंद्र खेती बाड़ी करते है. वो मूलत: धामनगांव रेलवे अमरावती के रहने वाले है. खेती के काम से ही विरेंद्र 7 नवंबर को धामनगांव चले गए थे. घर में भारती और उनके बच्चे थे. शनिवार की रात भारती ने घर पर ताला लगाया और बच्चों के साथ अपने मायके मनीषनगर चली गई. रविवार की शाम भारती घर लौटी तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था. उन्होंने भीतर जाकर देखा तो बेडरूम का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था. अलमारी खुली थी और जेवरात गायब थे.

उन्होंने तुरंत अपने पड़ोसी और रिश्तेदार को मदद के लिए बुलाया. पति को घर में चोरी होने की सूचना दी. अलमारी से 26 तोला सोने के जेवरात, करीब 800 ग्राम चांदी के आभूषण और 50,000 रुपये नकद रखे थे. सारे माल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया. तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. अजनी पुलिस मौके पर पहुंची. परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर 2 सेंधमार चोरी करते दिखाई दिए. 1.06 बजे के दौरान आरोपी ताला तोड़कर घर में घुसे 1.16 बजे बाहर निकल गए. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

## अंदमान एक्सप्रेस से अवैध विदेशी शराब बरामद

### > 63,000 का माल जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार



**नागपुर।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन सतर्क के तहत ट्रेन 16032 अंदमान एक्सप्रेस के जनरल कोच से 28 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई है. एक लावारिस बैग में रखी इस शराब की कुल कीमत 63,000 रुपये आंकी गई है. आरपीएफ ने 2 आरोपी भी इस मामले में गिरफ्तार किए हैं जिनके नाम मसीद रोड, बालाजी राव पेटा, गुंटूर, एपी निवासी थोटेमपुड़ी अनकामा राजू वेंकटेश्वरलू (30) वर्ष तथा शैक तांगेला फिरा शैक लाला अहमद (37) का समावेश है .

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन पर स्थित आरपीएफ और सीआईबी द्वारा उक्त ट्रेन में संयुक्त कार्रवाई की गई. ट्रेन तड़के करीब 3.18 बजे प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंची. जानकारी के अनुसार, संयुक्त टीम ने ट्रेन के पिछले जनरल कोच में सीट के नीचे एक बैग पाया गया. जांच करने पर पर बैग में 28 बोतल विदेशी शराब मिली. आसपास के यात्रियों से पुछताछ में आरोपियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिला. अधिक पुछताछ में उन्होंने बैग में रखी शराब को अपना बताया. तुरंत ही दोनों यात्रियों और जब्त शराब को ट्रेन से उतार लिया गया. आगे की जांच के लिए जब्त मामला आबकारी विभाग को सुपुर्द कर दिया गया. यह कार्रवाई सीनियर डीएससी मनोज कुमार के मार्गदर्शन

## कंटेनर ने बाइक सवार को कुचला

**नागपुर।**



हिंगना पुलिस थाना अंतर्गत समृद्धि महामार्ग के पास बुटीबोरी की तरफ जाने वाले सर्विस रोड पर एक दुपहिया सवार को कंटेनर चालक ने विपरीत दिशा से आते हुए टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. मृतक की पहचान रमेश फकीराजी मदनकर (52) वार्ड नंबर 02, तिवसकर वाड़ी, हिंगना के रूप में हुई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10.30 के दौरान रमेश अपनी मोपेड गाड़ी से गुमगांव स्थित खेत में जा रहे थे.

इस दौरान समृद्धि महामार्ग के बूटी बोरी की तरफ जाने वाले सर्विस रोड पर कंटेनर क्रमांक एम एच 04 एल वाय ए के चालक ने तेज गति से विपरीत दिशा से आते हुए उन्हें टक्कर मार दी और मौके से खराब हो गया.

इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रमेश को लोगों की मदद से इलाज के लिए एम्स अस्पताल ले जाएगा जहां इलाज के दौरान ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया. पुलिस ने फरियादी मुकुंद रमेश मदनकर (23) की शिकायत पर कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

**बाइक की चपेट में आया व्यक्ति**

अजनी पुलिस थाने के नरेंद्र नगर परिसर में सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. मृतक की पहचान देवराव जी नाथूजी धारगे (34) रुक्मिणी नगर, हुड़केश्वर निवासी बताया जा रहा है. सोमवार सुबह करीब 10 बजे के दौरान देवरावजी अजनी पुलिस थाने के नरेंद्र नगर पेट्रोल पंप के सामने सड़क पार कर जा रहे थे. इस दौरान अज्ञात दुपहिया चालक ने तेज गति व लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया. इस घटना में गंभीर रूप से घायल देवराम जी को लोगों ने पुलिस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल करवाया जहां जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया.

## देशी कट्टा लेकर घूमते अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर।** पारडी पुलिस ने गोपनीय जानकारी के आधार पर जबलपुर रोड स्थित एक ढाबे के पास छापामार कार्रवाई कर एक आरोपी को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया आरोपी चेतन प्रकाश कासार (19) गोंडपुरा, पारडी निवासी बताया जा रहा है। उसकी तलाशी में एक देशी पिस्तौल, एक जीवित कारतूस सहित 20500 रुपयों का माल बरामद किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पारड़ी पुलिस की टीम देर रात अपने थाना परिसर में गस्त कर रही थी. उसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जबलपुर रोड स्थित नंददीप ढाबे के पास एक युवक घातक हथियार के साथ घूम रहा है. इसी सूचना पर पुलिस ने ट्रैप लगाकर आरोपी चेतन कासार को संदिग्ध रूप में घूमते हुए हिरासत में लिया. जब उसकी तलाशी ली गई तो उसकी पेंट की जेब से एक देशी पिस्तौल एक जिंदा कारतूस मिला. आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पारडी पुलिस थाने में अवैध हथियार लेकर घूमने के चलते मामला दर्ज कर किया गया है और आगे की जांच जारी है.

## एटीएम में पट्टी डालकर पैसे उड़ाने वाले दो गिरफ्तार

**नागपुर।** एटीएम में अल्युमिनियम की पट्टी डालकर पैसे उड़ाने वाले दो आरोपियों को नंदनवन पुलिस की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया. पकड़े गए आरोपियों में ऋतिक गणेश मेश्राम (24) चंदन नगर, इमामवाड़ा और तेजस नरेंद्र गजभिए (23) सिरसपेठ, इमामवाड़ा का समावेश है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 नवंबर की शाम करीब 3:15 बजे के दौरान फरियादी शुभम रामभाऊ चापेकर (28) चिंचोली, आंधगांव, जिला भंडारा निवासी नंदन वन परिसर के गुरुदेव नगर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के एटीएम में पैसे निकालने के लिए पहुँचे थे. एटीएम मशीन में कार्ड डालकर उन्होंने 1500 निकालने की कोशिश की थी. परंतु एटीएम मशीन से पैसे बाहर नहीं निकले.

इसके बाद बिना पैसे निकाले ही शुभम एटीएम सेंटर से बाहर निकल आए. इसी बीच उसे पास ही रुकी एक से रितिक और तेजस एटीएम सेंटर में जाते हुए दिखाई दिए. जिन्होंने



एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर उसमें लगी पट्टी निकाली और पैसे निकालने लगे. हालांकि आशंका होने के चलते शुभम ने तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी जानकारी दी. जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस की टीम ने इन दोनों को एटीएम सेंटर से रंगे हाथ पैसे निकालते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान अल्युमिनियम की पटी 6300 नगद, कार क्रमांक एम एच 49 बी डब्लू 5621 सहित दो मोबाइल फोन समेत 224300 रुपयों का माल पुलिस ने बरामद किया है.

## 4610 पोलिंग बूथों पर पुलिस की निगरानी

### > पूरे जिले में तगड़ा बंदोबस्त

**नागपुर।**



जिले में आज बुधवार को होने वाले मतदान के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए शहर और ग्रामीण पुलिस ने कमर कस ली है. हालांकि पुलिस ने कई महीने पहले से ही इसकी तैयारी शुरु कर दी थी, लेकिन आचार संहिता लागू होते ही पुलिस ने अपना धरपकड़ अभियान तेज कर दिया.

अब मतदान शांति से निपट जाए इसलिए शहर और ग्रामीण पुलिस ने कुल 4610 मतदान केंद्र पर मंगलवार शाम से ही तगड़ा बंदोबस्त तैनात कर दिया. इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है. साथ ही चुनाव आयोग की टीमों के साथ नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं की भी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है. निर्वाचन विभाग द्वारा घोषित किए गए क्रिटिकल बूथ पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

सीपी रविंद्रकुमार सिंगल ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के साथ ही चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शहरभर में सख्ती बढ़ा दी थी. बीते एक महीने में पुलिस 1733 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधक कार्रवाई कर चुकी है. 105 अपराधी तड़ीपार किए गए. 9 पर एमपीडीए लगाकर जेल भेजा गया. अब तक 11 पिस्तौल जब्त की जा चुकी है, जबकि 14 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी गई. किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है. सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस तैनात कर दी गई है.

इसके अलावा सभी विधानसभा क्षेत्रों में आला अधिकारियों के साथ स्ट्राइकिंग फोर्स भी तैनात है. सभी को दिनभर पेट्रोलिंग करने के आदेश दिए गए हैं. सभी से निवेदन है कि आचार संहिता का पालन करें. यदि किसी ने भी चुनाव प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का काम किया तो बख्शा नहीं जाएगा. चुनाव आयोग द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन किया जा रहा है. मतदान बेहतर ढंग से हो पाए इसलिए हम एनएसएस और एनसीसी के बच्चों की भी मदद ले रहे हैं. सिटी पुलिस के कुल 4300 अधिकारी और कर्मचारी पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने वाले हैं. मंगलवार की शाम तक 75 प्रश मतदान पूरा हो चुका था.

### ग्रामीण में अब तक 14 मामले दर्ज: एसपी पोद्दार

ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि बीते 1 माह में चुनाव संबंधित आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर अब तक 14 मामले दर्ज किए जा चुके हैं. ग्रामीण पुलिस ने 1 महीने में 1069 लोगों पर प्रतिबंधक कार्रवाई की है. गैंग बनाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले 13 और अन्य 26 अपराधियों को तड़ीपार किया जा चुका है. ग्रामीण पुलिस के 82 प्रश अधिकारी और कर्मचारी पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर चुके हैं. ग्रामीण क्षेत्र में 4 स्ट्रांग रूम है जिन्हें पहले ही घेरा जा चुका है. वहां परिंदा भी पर न मार पाए ऐसी व्यवस्था की गई है. आचार संहिता के दौरान ही ग्रामीण पुलिस ने वर्षों से फरार 25 आरोपियों की संपत्ती जब्त करवाने की कानूनी प्रक्रिया शुरु कर दी है. अब तक 696 लाइसेंसी हथियार जमा करवाए जा चुके हैं. इस दौरान पुलिस ने 3.41 करोड़ रुपये का मुद्देमाल जब्त किया है, जिसमें 1.69 करोड़ रुपये की शराब है. नागरिकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें.

### शहर और ग्रामीण में तैनात पुलिस बल

शहर में 3 डीआईजी, 10 डीसीपी, 19 एसीपी, 300 अधिकारी, 5,000 पुलिसकर्मी, 1400 होमगार्ड, 5 कंपनी अर्धसैनिक बल और 2 कंपनी एसआरपीएफ तैनात की गई है. इसके अलावा ग्रामीण में 173 अधिकारी, 1621 कर्मचारी, 1280 होमगार्ड, 4 कंपनी अर्धसैनिक बल और 2 प्लाटून एसआरपीएफ तैनात किये गए हैं.

## 3 एमडी तस्कर कार सहित गिरफ्तार

### > 59 ग्राम एमडी सहित 12.10 लाख का माल जब्त

**नागपुर।**



क्राइम ब्रांच की एनडीपीएस दस्ते ने नंदनवन पुलिस थाना अंतर्गत ड्रग्स तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एमडी ड्रग्स, रिवाल्वर सहित 12 लाख 10 हजार रुपयों का माल बरामद किया गया है. पकड़े गए सभी आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए नंदनवन पुलिस के हवाले किया गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते को जानकारी मिली थी की कुछ ड्रग्स तस्कर एमडी की खेप लेने के लिए नंदनवन परिसर में आने वाले हैं. इसी सूचना पर पुलिस ने ट्रैप लगाकर वेंकटेश नगर घरकुल परिसर, एनआईटी क्वार्टर, डी ब्लॉक के सामने सड़क पर में ट्रैप लगाकर राजू गिरी उर्फ दुपेंद्र चमन गिरीगोसावी (37) बंधु नगर झिंगाबाई टाकली, मानकापुर निवासी और साहिल महेश सोलंकी (28) वेंकटेश नगर निवासी को को एक कार क्रमांक एम एच 48 एके 5053 के साथ हिरासत में लिया। जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें 59 ग्राम एमडी पाउडर मिला.

साथ ही एक पिस्टल 3 मोबाइल फोन सहित करीब 12 लाख 10 हजार रुपयों का माल पुलिस ने इस कार्यवाही के दौरान जप्त किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपी भाविक निवृत्ति महाजन (26) प्लॉट नंबर 55 ओम नगर, सक्करदरा निवासी से इस ड्रग्स को लेकर आये हैं. इसके बाद पुलिस ने भविक महाजन को भी ढूंढ कर गिरफ्तार किया है। बता दें कि इससे पहले निवृत्ति महाजन के खिलाफ हत्या और ड्रगस तस्करी जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं. पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए नंदनवन पुलिस के हवाले किया गया है.

CMYK

# जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों में आज मतदान

## > जिला चुनाव तंत्र तैयार





**नागपुर.**

आज 12 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चुनाव में 217 उम्मीदवार मैदान में हैं और 45,25,997 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव के लिए मतदान दल मतदान स्थलों पर पहुंच चुके हैं और पूरी चुनावी व्यवस्था तैयार है।

22 अक्टूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी की गई। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर थी, और 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच हुई। 4 नवंबर नामांकन वापसी की आखिरी तारीख थी। मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को। 25 नवंबर तक पूरी चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन इटनकर ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से नागपुर से बाहर रहने वाले मतदाताओं से मतदान के लिए वापस आकर लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लेने का अनुरोध किया है। आज उन्होंने मतदान सामग्री वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत की। पिछले एक से डेढ़ महीने में चुनाव से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

पिछले दो महीनों से जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें वोटथॉन, मैराथॉन और चित्ररथ जैसे विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया गया।

चुनाव के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था की गई है। इसमें 5,558 मतदान केंद्राध्यक्ष, 5,558 प्रथम मतदान अधिकारी, 11,116 अन्य मतदान अधिकारी, 168 सूक्ष्म पर्यवेक्षक, 5,558 पुलिसकर्मी एवं होमगार्ड्स, और 5,558 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं।

12 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 217 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें काटोल से 17, सावनेर से 18, हिंगना से 18, उमरेड से 11, नागपुर दक्षिण-पश्चिम से 12, नागपुर दक्षिण से 22, नागपुर पूर्व से 17, नागपुर मध्य से 20, नागपुर पश्चिम से 20, नागपुर उत्तर से 26, कामठी से 19, और रामटेक से 17 उम्मीदवार शामिल हैं।

सहायक मतदान केंद्रों को मिलाकर जिले में कुल 4,631 मतदान केंद्र हैं। इनमें काटोल में 332, सावनेर में 370, हिंगना में 476, उमरेड में 395, कामठी में 530, रामटेक में 359, नागपुर दक्षिण-पश्चिम में 384, नागपुर दक्षिण में 350, नागपुर पूर्व में 368, नागपुर मध्य में 308, नागपुर पश्चिम में 351, और नागपुर उत्तर में 408 मतदान केंद्र हैं।

काटोल में 2,81,367, सावनेर में 3,21,817, हिंगना में 4,50,141, उमरेड में 3,00,957, नागपुर दक्षिण-पश्चिम में 4,11,241, नागपुर दक्षिण में 3,94,425, नागपुर पूर्व में 4,18,981, नागपुर मध्य में 3,41,169, नागपुर पश्चिम में 3,88,353, नागपुर उत्तर में 4,28,845, कामठी में 5,01,770, और रामटेक में 2,86,931 मतदाता मतदान करेंगे।

### सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान:

मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। पहचान के लिए EPIC (वोटर कार्ड) के अलावा 12 प्रकार के पहचान पत्र मान्य होंगे।

### विशेष मतदान केंद्र:

मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 14 आदर्श मतदान केंद्र, 13 महिला द्वारा संचालित केंद्र, 13 युवा कर्मचारियों द्वारा संचालित केंद्र, और 10 दिव्यांग मतदाताओं द्वारा संचालित केंद्र शामिल हैं।

# विबग्योर वर्ल्ड एकेडमी का पेरेंट ओरिएंटेशन सेशन आयोजित



**नागपुर.**

के-12 इंस्टीट्यूशंस के प्रमुख नेटवर्क, विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने नागपुर के रामदासपेट में हाल ही में उद्घाटित विबग्योर वर्ल्ड एकेडमी कैम्पस में एक पेरेंट ओरिएंटेशन सेशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रोग्राम के माध्यम शहर में विश्व स्तर पर प्रशंसित कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन (सीआईई) करीक्युलम पेश किया गया, जो एकेडमी के शिक्षा के प्रति अभिनव दृष्टिकोण का आधार है। दो दशकों से अधिक समय की उत्कृष्टता और 15 शहरों में 39 स्कूलों की उपस्थिति के साथ, विबग्योर नागपुर में शिक्षा के मानकों को फिर से परिभाषित कर रहा है। इस करीक्युलम को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है, जो छात्रों को निरंतर बदलती दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करे।

ओरिएंटेशन के माध्यम से पेरेंट्स को कैम्ब्रिज इंटरनेशनल फ्रेमवर्क को बेहतरी से समझने का मौका मिला। साथ ही, इसमें निहित महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और नेतृत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। एक प्रतिष्ठित वक्ताओं के पैनल द्वारा सेशन का नेतृत्व किया गया, जिसमें मितेश पारिख (वाइस प्रेसिडेंट, स्कूल ऑपरेशन्स), सुश्री तृप्ति पारिख (क्लस्टर प्रिंसिपल) और सीआईई स्कूल टीम की सदस्य सीमा अग्रवाल और स्मृति अग्रवाल शामिल थीं। उनके विचारों से कैम्ब्रिज करीक्युलम की परिवर्तनकारी क्षमता का पता चला, जिससे भविष्य के लिए तैयार शिक्षार्थियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपने विचार रखते हुए, विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर चेयरमैन रुस्तम केरावाला ने कहा, नागपुर में विबग्योर वर्ल्ड एकेडमी का शुभारंभ हमारी यात्रा में एक गर्वपूर्ण उपलब्धि है, जो शहर में विश्व स्तर की समग्र शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कैम्ब्रिज करीक्युलम को अपनी आधारशिला बनाते हुए, विबग्योर वर्ल्ड एकेडमी, छात्रों को एक परिवर्तनकारी शैक्षिक अनुभव प्रदान करता है, जो उन्हें वैश्वीकरण की दुनिया में सफलता हासिल करने के लिए सक्षम बनाता है। नागपुर में यह नया अध्याय राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।"

# जय भोले नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बिरसा मुंडा जयंती

**खापरखेड़ा.** जयभोले नगर खापरखेड़ा में हाल ही में स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिरसा मुंडा समिति की अध्यक्ष सिमा उइके ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर विधिवत पूजा-अर्चना की और पुष्प अर्पित किए। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर सावनेर -कलमेश्वर विधानसभा चुनाव दरम्यान कांग्रेस पक्ष के उम्मीदवार अनुजताई सुनील केदार ने नतमस्तक कर चुनाव जितने का आशीर्वाद लिया। तथा ग्राम पंचायत चनकापुर (पोटा) के सरपंच पवन धुर्वे, सावनेर पंचायत समिति के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, बिरसा मुंडा समिति के सचिव प्रज्योत कावले, सामाजिक कार्यकर्ता नितिन पुरी, कृष्णा यादव, बब्लू ठाकुर, मधुकर मोटघरे, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मेश्राम, कैलास गजभिये और अन्य गणमान्य लोग मुख्य प्रमुखता से उपस्थित थे।

# नागपुर जिले की 12 विधानसभा सीटों के 4631 बूथों पर होगा मतदान

**नागपुर.**

विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार शाम छह बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा और आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसे देखते हुए कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी विपिन इटनकर ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से नियमों को मानाने का आवाहन किया है। इसी के साथ यह चेतावनी भी दी कि, अगर कोई इसका उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शहर के नियोजन भवन में आयोजित भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा, "चुनाव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। चुनाव के ऐलान से लेकर आज चुनाव समाप्त होने तक प्रशासन ने बेहद की अच्छा काम किया है। चुनाव के समेत किसी भी तरह के प्रलोभन को रोकने के लिए तैनात की गई राज्य निगरानी टीम की टीम और तेजी से काम करना शुरू करेगी।

जिलाधिकारी ने आगे बताया कि, जिले की 12 विधानसभा सीटों में 4631 बूथों पर मतदान होना है। 19 नवंबर से पोलिंग पार्टियां अपने बूथ पर जाना शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि, नागपुर मनपा के आधीन आने वाले बूथों की वीडियोग्राफी की जाएगी। जिसका कंट्रोल रूम नागपुर पुलिस के कार्यालय में मनाया जायेगा।

चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद कोई भी स्टार प्रचारक वहां नहीं रह सकता जहाँ उसका वोटिंग न हो। अगर कोई यहाँ मौजूद रहता है तो उसपर मामला दर्ज किया जा सकता है।

कलेक्टर ने बताया है कि चुनाव के समय एसएसटी ने जिले के अंदर करीब 39.60 करोड़ रूपये की कीमत के सोना, चांदी और कैश बरामद की है। इसी के साथ साढ़े तीन लाख लीटर शराब भी जब्त की गई है। इसी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागपुर की जनता से बढ़चढ़कर मतदान करने का आवाहन भी किया।

# बालासाहब ठाकरे को अभिवादन



**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा स्थित स्थानिक कॉन्ट्रक्टर असोसिएशन व जयंत झिंगरे मित्र परिवार की ओर से स्व. बालासाहब ठाकरे को अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में कान्ट्रेक्टर जयंत झिंगरे के हाथों स्व. बालासाहब ठाकरे की प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित ठेकेदारों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जयंत झिंगरे, सुनील पांडे, दिनेश चिखले, आशिष पोनिकर, दिलीप बर्वे,जावेद मामू, शकिल भाई, भैय्या लाला, रोशन बागले, दिनेश गुडघे, पिंटू पायतोडे, नरेश भकते, आकाश निकोसे, हरिश लोडेकर, मिलिंद बागले, बंडू चैरागडे, दादू श्रीवास्तव सह अन्य लोगों का सहभाग रहा।

# खापरखेड़ा में क्वालिटी वाइन-शॉप कर रही नियमों का उल्लंघन

## > इस शराब की दुकान पर कार्रवाई क्यों नहीं? > पुलिस आने पर ही दुकान का शटर गिरवाया







**खापरखेड़ा.**

मुख्य सड़क पर रेलवे चौकी बाजार चौक में क्वालिटी वाइन शाप की दुकान है. पिछले कई दिनों से इस दुकान मे ग्राहको के पास परमिट नहीं रहते के बावजूद शराबी बेची जा रही। विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखकर शासन ने दो-तीन दिनों के लिए दुकान बंद रहने के आदेश निर्गमित किए। मंगलवार को ड्राई डे के चलते शराब की दुकानों पर सोमवार को ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही। खास बात यह रही कि इस दुकान से किसी ने दो दिन का स्टाक खरीदा। ड्राई डे पर किसी ने ब्लैक भाव में शराब बेचने के लिए शराब खरीदी। ईतनाही नहीं तो कई ग्राहकों के पास शराब खरीदने का परमिट भी नहीं है.

सरकारी नियमों के मुताबिक विधानसभा चुनाव पश्चात शराब दुकान बंद करने का समय 6 बजे का है , लेकिन दुकानदार व्यवस्थापक ने शाम 6 बजे के बाद भी कुछ देर शराब की दुकान शुरू रखी थी।जिसकी जानकारी खापरखेड़ा पुलिस को दी गई। चंद कुछ ही मिनटों में पुलिस वाईनशाप दुकान पहुंचे तो एक शटर बंद कर शराबी बँकेची जा रही थी। जैसे मैनेजर को शटर बंद करने को कहा.शटर बंद करते ही खापरखेड़ा पुलिस ने ग्राहकों की भीड़ कम की गई. ईस दुकान में हमेशा नियमों का उल्लंघन होता है और शराब खरीदने वाले ग्राहकों के पास शराब खरीदने का परमिट नहीं रहते हुए ग्राहकों को शराब बेची जा रही है.लेकिन संबंधित आबकारी विभाग का दुर्लक्ष दिखाई दे रहा।यह शराब की दुकान बाजार में मुख्य सड़क के ठीक बगल में है और यहां हमेशा ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है वे जहां चाहें अपनी मर्जी गाड़ियां खड़ी रखी जाती और शराब की दुकान से शराब खरीद लेते । ऐसे में अक्सर यातायात बाधित होता है और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना झेलना पड़ रहा। विशेषतः: यह शराब की दुकान नाग मंदिर नजदिकी और भरे रेलवे चौकी मार्केट में है।इतना ही नहीं रेल्वे चौकी बस स्टॉप भी वाईनशाप के सामने मे है। जिससे लड़की एंव महिलाओं को परेशानी होती है। लोगों की चर्चा द्वारा बताया गया की ईस वाईनशाप दुकान को मुख्य मार्ग गांव के बहार हटाने की मांग जनता करने लगी.

# वुशु खेल में प्रियंती इंग्लिश स्कूल की स्वर्णिम सफलता




**कामठी.**

राज्य स्तरीय वुशु अजिंक्य टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन ऑल महाराष्ट्र उशु स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 14 से 17 नवंबर तक परभणी (शेलू) में किया गया था.

नागपुर स्कूल के छात्र तदनुसार, विजेता भाग लेने वाले एथलीटों और छात्रों के लिए आज स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया. पदक विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों एवं खेल प्रशिक्षकों को विद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर नंदा ठाकरे मैडम द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक सौरभ बोरकर, राजू बरगट ने विजेता ट्रॉफी प्रिंसिपल मैडम को सौंपी, प्रिंसिपल नंदा ठाकरे, वाइस प्रिंसिपल प्रिया मैडम, सभी शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी और छात्र इस अवसर पर उपस्थित थे.

इस राज्य स्तरीय उशु खेल प्रतियोगिता में प्रिआंती इंग्लिश स्कूल और जूनियर कॉलेज तरोडी(बू ) कामठी जिला नागपुर के छात्रों में तन्मय अनिल बर्डे 10वीं प्रथम रैंक, स्वर्ण पदक (56 किग्रा समूह), सारंग गोविंदा ठाकरे 10वीं दूसरी रैंक, रजत पदक (52 किग्रा.समूह), लोकेश दत्तूजी ठाकरे 10वां तीसरा स्थान, कांस्य पदक (48 किग्रा.समूह), 4) रोहित अर्जुन बोकड़े 10वीं तीसरी रैंक, कांस्य पदक (75 किग्रा. ग्रुप), विभिन्न समूहों में शानदार प्रदर्शन के साथ और सम्यक गजभिये और राहुल पटेल के साथ पदक जीते. विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया गया. इन खिलाड़ियों ने विद्यालय का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया.

# शहर-राज्य से दूर रहने वाले मतदाता वोट से वंचित, ऑनलाइन सुविधा नहीं

**नागपुर.**



एक पथ-प्रदर्शक पहल करते हुए, भारत के चुनाव आयोग ने लोस चुनाव 2024 में पहली बार बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा दी है। इसका अमल महाराष्ट्र राज्य में होने वाली विस चुनाव में भी देखने को मिल रहा है। एक ओर लोकशाही के इस उत्सव में लोगों की सहभागिता और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोग की ओर से नव-नवीन गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर शहर-राज्य से दूर रहने वाले मतदाताओं को मतदान का अधिकार तो है, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से उन्हे वोट डालने वंचित रहना पड़ रहा है।

ऑनलाइन सुविधा नहीं नौकरी ओर रोजगार के कारण कई लोगों को अपना शहर ही नहीं, राज्य भी छोड़कर दूसरे राज्य में जाकर काम करना पड़ता है। ऐसे शहर-राज्य से दूर रहने वाले मतदताओं के प्रदेश में जब भी चुनाव होते हैं, तब इनमें से अधिकतर मतदाता अपने गांव या शहर में नहीं जा पाते हैं। यह मतदाता वोट करने के लिए इच्छुक होते हैं, लेकिन ऐसी कोई ऑनलाइन सुविधा नहीं होने से अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते हैं। इस मायग्रेट मतदाता यानी घर से दूर, किसी दूसरे शहर और राज्य में रहने वाला वोटर को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में वोट डालने की सुविधा उपलब्ध हो, इसलिए चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाता के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम तैयार कर लिया है। आयोग ने इसकी घोषणा की, लेकिन हाल ही में हुए न लोकसभा के चुनाव में और न महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा के चुनाव में इसका अमल किया है। अगर चुनाव आयोग रिमोट वोटिंग सिस्टम लागू करता, तो इसका विधानसभा के मायग्रेट मतदाताओं को निश्चित तौर पर लाभ मिलता। तदान का अधिकार है, लेकिन सुविधा नहीं, चुनाव आयोग का रिमोट वोटिंग सिस्टम चुनाव आयोग ने कहा था कि 2019 के आम चुनाव में वोटर टर्नआउट 67.4 प्रतिशत था। 30 करोड़ से ज्यादा वोटर्स ने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं किया। चिंता की बात यही है। आयोग ने कहा, "वोटर नई जगह जाने पर कई वजहों के चलते वोटिंग रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया और वोटिंग नहीं कर पाता। घरेलू प्रवासियों का वोटिंग करने में असमर्थ होना चिंताजनक था, इसलिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएम) का प्लान बनाया गया। देश के किसी भी कोने में रहते हुए अपने गृह प्रदेश या शहर के चुनाव में वोट डालने के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम पर खूब चर्चा हुई, लेकिन 2023 में सरकार ने संसद में साफ कर दिया था की अभी उसे लागू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# पूर्व विधायक बाजीराव ने हलबा समाज से की दटके को समर्थन देने की अपील



**नागपुर.** मध्य नागपुर के पूर्व विधायक डॉ. यशवंत बाजीराव द्वारा हलबा समाज के नाम लिखे गए एक पत्र ने इस क्षेत्र में राजनीतिक हलचल मचा दी है। इस पत्र में उन्होंने आगामी चुनाव में महायुती के उम्मीदवार प्रवीण प्रभाकरराव दटके को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है। डॉ. बाजीराव ने अपने पत्र में कहा है कि प्रवीण दटके एक सशक्त, शिक्षित और संस्कारित नेता हैं, जो हमेशा समाज के हित में खड़े रहते हैं। नागपुर नगर निगम के महापौर के रूप में और वर्तमान विधायक के तौर पर उन्होंने हलबा समाज की समस्याओं को आवाज दी है। खासतौर पर, सरकारी कर्मचारियों को उनकी नौकरी बचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। पत्र में आगे कहा गया है कि प्रवीण दटके ने भविष्य में भी समाज की समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया है। उनका नेतृत्व साहसी और वादों को निभाने वाला है। ऐसे में डॉ. बाजीराव ने समाज के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे 20 तारीख को होने वाले चुनाव में प्रवीण दटके को अपना समर्थन दें और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। डॉ. यशवंत बाजीराव के इस पत्र ने हलबा समाज और अन्य राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना दिया है।

# चुनाव में लगी एसटी की 230 बसें

## > नियमित यात्रियों को हो रही परेशानी

**नागपुर.**



आज विधानसभा चुनाव प्रक्रिया में एसटी महामंडल की 230 बसें लगी हैं। जो 19 नवंबर की सुबह से 20 नवंबर की शाम तक व्यस्त रहने वाली है। ऐसे में नियमित सफर करने वाले यात्रियों को बसों का जबरदस्त टोटा सहना पड़ रहा हैं। क्योकि एसटी महामंडल के पास केवल 430 बसे है, ऐसे में 230 बसें व्यस्त रहने पर प्रति दिन 25 हजार से ज्यादा यात्री जो इन बसों पर निर्भर रहते है, उन्हें बसों का जबरदस्त टोटा सहना पड़ रहा हैं। आज विधानसभा चुनाव है।

ग्रामीण इलाकों में भी चुनाव प्रक्रिया विभिन्न बूथ पर रखी गई है। जिसके लिए बडी संख्या में सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। बूथ पर सुबह आने से लेकर ईवीएम मशीन को एक जगह से निर्धारित जगह तक पहुंचाने के लिए हर बार की तरह इस बार भी राज्य मार्ग परिवहन महामंडल की एसटी लाल बसों को प्राथमिकता दी गई है।

नागपुर विभाग से कुल 230 बसों को 19, 20 दो दिन के लिए बुक किया गया है। हालांकि इससे पहले हुए चुनाव प्रक्रिया में कम बसों की जरूरत लगी थी, लेकिन इस बार विभाग अंतर्गत 230 बसों को बुक किया गया है। यह बसें ग्रामीण इलाकों में लगाई है। शहर के लिए स्टार बसों के कंधों पर जिम्मा दिया गया था। वही जिले का जिम्मा एसटी बसों पर है। आंकड़ों के अनुसार 60 बसों को हिंगणा में, कामठी-मौदा में 58 बसें, सावनेर में 17 बसें, उमरेड में 38 बसें, रामटेक में 25 बसे लगी है। इन बसों को पोलिंग बूथ तक कर्मचारियों को पहुंचाने से लेकर वहां से उन्हें ईवीएम मशीनों के साथ वापिस अपनी जगहों पर छोड़ना है।

चुनाव प्रक्रिया में एसटी बसों के जाने से नियमित बसों पर निर्भर रहनेवाले यात्रियों के लिए विभाग में केवल 2 सौ बसें हैं। इन बसों पर प्रतिदिन 25 हजार के हिसाब से यात्री निर्भर रहनेवाले हैं। ऐसे में उन्हें बसों का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर अमरावती, चंद्रपुर, नरखेड, बल्लारशाह, वरूड आदि शहरों की ओर जानेवाले यात्रियों को बसों की कमी पड़ रहीं है।

# नागपुर में ठंड का कहर, सर्दी ने दी दस्तक

**नागपुर.**



नागपुर में अब ठंड का आगमन हो चुका है। मंगलवार इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। नागपुर का तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का गया। जो सामान्य से करीब दो डिग्री कम है। जबकि पूरे विदर्भ में गोंदिया सबसे ठंडा रहा। गोंदिया का न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस बार विदर्भ में ठंड का अच्छा असर देखने को मिलेगा। 20 नवम्बर आते - आते पारा के गिरने का सिलसिला लगातार शुरू है , जिससे मंगलवार तो इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा. मंगलवार सुबह नागपुर का पारा 13.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। ठंड का आलम ये है की 24 घंटे में नागपुर का तापमान 2 डिग्री से ज्यादा कम हुआ है। वैसे भी नवम्बर में आखरी तक नागपुर में ठण्ड का आगमन हो जाता है, लेकिन इस बार जिस तरह से ठंड की शुरुआत हुई है। उससे तो यही लग रहा है की नवम्बर के आखिरी तक ही ठंड अपना पूरा सितम बरपाने लगेगा।

### न्यूनतम तापमान 13.5°C तक गिरा

हिमालय पर्वत से सटे राज्यों में ठंड बढ़ गई है, जिससे उत्तर भारत की ओर से आने वाली ठंडी हवाएं नागपुर समेत पुरे विदर्भ में तापमान गिरा रही है। नागपुर में पिछले 2 दिनों से न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया जा रहा था, लेकिन मंगलवार को अचानक से तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से भी नीचे पहुँच गया है। कुछ इसी तहा दिन के समय के अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है। फ़िलहाल अधिकतम तापमान ३० डिग्री सेल्सियस के आस - पास ही रह रहा है।

# प्रेमिका की गला दबाकर हत्या

## > उमरेड के एमआईडीसी परिसर में मिला शव, आरोपी गिरफ्तार

**उमरेड.**

स्थानीय गिरड महामार्ग से लगे एमआईडीसी बस स्टैंड परिसर में सोमवार 18 नवंबर की सुबह 10 बजे युवती का शव मिला है. उसकी प्रेम प्रसंग के चलते ओढ़नी से गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है. उमरेड पुलिस ने आरोपी प्रेमी को सोमवार की देर रात चंद्रपुर शहर से गिरफ्तार कर लिया है.

मृतक का नाम पूजा नरेश मुंघाटे (26 वर्ष, कावरापेठ, उमरेड) है. आरोपी का नाम लोकेश गोपाल जुगनाके, अड्याल (टेकडी), तह. नागभीड़, जि. चंद्रपुर है. पूजा ने अपनी मां शालू मुंघाटे को शिविर के लिए बाहर जाने की बात कहकर रविवार 17 नवंबर को घर से बाहर निकली. दोपहर में उसने अपनी मौसी से मोबाइल फोन पर बात की थी. उसने शाम 6 बजे अपनी मां से संपर्क कर ब्रह्मपुरी में होने की बात कहकर वापस नहीं लौटने की बात कही थी. उस समय उसकी मां लोकेश से भी मोबाइल फोन पर बात की थी. लोकेश ने पूजा की मां से उसे वापस भेजने की बात कही थी. उसके रातभर वापस नहीं लौटने से पूजा की मां व भाई की बेचैनी बढ़ गई थी. इस बीच सोमवार की सुबह 9.35 बजे उसका शव उमरेड एमआईडीसी बस स्टैंड परिसर में मिलने की जानकारी पुलिस ने पूजा की मां को दी. पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए उमरेड शहर के ग्रामीण अस्पताल ले गए, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है.

### एक हाथ पर चोट, दूसरे हाथ पर लिखा था नाम

पूजा के बाएं हाथ पर चोट का निशान था. उसके सीधे हाथ पर पेन से लोकेश जुगनाके लिखा था. इसलिए पुलिस ने पहले लोकेश की तलाश शुरु की. लोकेश के हत्या की बात कबूल करते ही उसे चंद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है.

### बैग, चाकू, घड़ी जब्त

पूजा की ओढ़नी से गला दबाने से मौत होने का प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ है. पुलिस ने घटनास्थल से बैग, चाकू व घड़ी जब्त की है. उमरेड पुलिस लोकेश के अडयाल स्थित घर पहुंची. लेकिन वहां उसके घर में ताला लगा था. उसका मोबाइल फोन बंद था. उसके चंद्रपुर में होने का पता चलते ही पुलिस चंद्रपुर पहुंची.

# मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे में प्रचार पर पूर्णतः प्रतिबंध

**भंडारा.**

विधानसभा चुनाव के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होगी और 20 नवंबर को मतदान होगा. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. संजय कोलते ने मतदान दिवस पर मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंध लगाया है। उक्त प्रतिबंधात्मक उपाय 18 नवंबर शाम 6 बजे से 20 नवंबर 2024 को मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेंगे।

इस अवधि के दौरान, अवैध सभा और सार्वजनिक अभियान बैठकों का आयोजन निषिद्ध होगा और मतदाताओं को प्रदान किए जाने वाले अनौपचारिक पहचान पत्र सादे सफेद कागज पर होने चाहिए। साथ ही उस पर कोई चुनाव चिन्ह, उम्मीदवार का नाम या पार्टी का नाम छापने पर भी




रोक रहेगी.

चुनाव ड्यूटी पर वाहनों को छोड़कर सभी वाहनों को मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर प्रतिबंधित किया जाएगा और मतदाताओं, उम्मीदवारों और उनके चुनाव/मतदान प्रतिनिधियों के अलावा केवल चुनाव आयोग से वैध प्राधिकरण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को मतदान केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति को मतदान केंद्र में प्रवेश पर रोक रहेगी.

मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं पर अनुचित दबाव डालना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, प्रतिरूपण करना प्रतिबंधित है। साथ ही मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार पर भी रोक रहेगी. टैक्सी, निजी कारें, ट्रक, सभी प्रकार के वाहन जैसे ऑटोरिक्शा, मिनी बस, स्टेशन वैन, स्कूटर, मोटर साइकिल आदि पर प्रतिबंध रहेगा और पहचान पत्र वितरण स्थल या परिसर में पोस्टर, झंडे, संकेत और अन्य प्रचार सामग्री का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। मतदान के दिन मतदान केन्द्र.

कोई भी व्यक्ति जिसे सरकारी सुरक्षा प्रदान की गई है, उसकी सुरक्षा को खतरा होने पर वह अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर प्रवेश नहीं करेगा। साथ ही, अगर ऐसा कोई व्यक्ति मतदाता भी है, तो मतदान केंद्र क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ महज मतदान के लिए जाने पर प्रतिबंध रहेगा, हालांकि उस व्यक्ति की विशेष सुरक्षा टीम (क्लोज प्रोटेक्शन टीम) को विशेष सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी. सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति केवल हथियारों के साथ मतदान केंद्र के दरवाजे तक जा सकता है और एक सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को निजी सुरक्षा अधिकारी को हथियार दिखाए बिना और किसी भी तरह से मतदान प्रक्रिया में बाधा डाले बिना मतदान केंद्र तक ले जाया जा सकता है।

किसी भी ऐसे व्यक्ति को चुनाव एजेंट या पोलिंग एजेंट के रूप में नियुक्त करना निषिद्ध होगा, जिसे सरकारी सुरक्षा प्रदान की गई हो या उस व्यक्ति के पास उसकी सुरक्षा के लिए खतरा होने का दोषी पाए जाने पर निजी सुरक्षा गार्ड हों। मतदान के दिन मतदान केन्द्र में मोबाइल/स्मार्ट फोन/वायरलेस सेट आदि ले जाना वर्जित रहेगा।

उक्त निषेधाज्ञा मतदान केन्द्र के प्रधान/आचार संहिता/कानून एवं व्यवस्था दल के प्रमुख/चुनाव ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगी।

### प्रतिबंध की अवधि के दौरान ये चीजें प्रतिबंधित नहीं हैं

हालांकि 18 नवंबर 2024 को शाम 6 बजे से सभी जिलों के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार बंद कर दिया जाएगा, लेकिन प्रतिबंध की अवधि के दौरान घर-घर जाकर प्रचार करना प्रतिबंधित नहीं होगा। लेकिन 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर रोक रहेगी। अस्पताल के वाहन, एम्बुलेंस, दूध के ट्रक, पानी के टैंकर, बिजली विभाग/पुलिस/चुनाव कर्मियों के वाहन प्रतिबंधित नहीं होंगे। निर्धारित रूट पर चलने वाली बसों पर कोई रोक नहीं होगी. बस स्टेशन/रेलवे स्टेशन/अस्पताल जाने वाली टैक्सी आदि वाहनों पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि बीमार/विकलांग व्यक्तियों के वाहन को मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए दिव्यांग/बीमार व्यक्ति के मतदान हेतु आने-जाने पर रोक नहीं होगी।

# वन्यजीवों के शिकार के लिए रखा विस्फोठक बरामद, एक हिरासत में

**गोंदिया.**

सालेकसा पुलिस थानांतर्गत कवड़ी निवासी एक आरोपी के पास से पुलिस ने हथगौला (विस्फोटक) बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कवड़ी निवासी राजेशगिरी आसनगिरी रिधनार्थी (34) को हिरासत में लेकर जांच आरंभ कर दी है। आरोपी के खिलाफ 17 नवंबर 2024 को मामला दर्ज किया गया।

सालेकसा पुलिस को जानकारी मिली कि कवड़ी निवासी आरोपी राजेशगिरी आसनगिरी रिधनार्थी के निवास में बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने पंचों के समक्ष घर की तलाशी ली तो घर के पीछे स्थित आंगन में जलाऊ लकड़ी के ढेर पर एक प्लास्टिक क्रिम रंग के पुराने घमेले में 15 नग गोलाकार काले रंग के गावठी हथगौले विस्फोटक पाए गए। एक हथगौले की कीमत 50 रुपए के अनुसार पुलिस ने 750 रुपए का माल जब्त किया है। इस संदर्भ में बताया गया कि उक्त हथगौले का उपयोग वन्यजीवों का शिकार करने के लिए किया जाता है। साथ ही इससे जीवित हानि भी हो सकती है। उक्त विस्फोटक को बम खोजी व नाशक पथक ने एक खुले स्थान पर ले जाकर पंचों के समक्ष नष्ट किया। फरियादी पुलिसकर्मी विकास विलास वेदक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 399/2024 की धारा 288 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मड़ामे के निर्देश एवं मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक भूषण बुराडे के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी डोंगरे, अजय इंगले, विकास वेदक, मनोहर कांबले, रितेश अग्निहोत्री, महिला पुलिसकर्मी अंजू रामटेके, गोंदिया जिला बीडी टीम, डॉग स्क्वैड की टीम ने की।

# 57 हजार किसानों ने करवाया पंजीयन

## > धान खरीदी हुई मात्र 12 हजार क्विंटल



**गोंदिया.**

गोंदिया जिले में चुनाव की सरगर्मियों के बीच न तो प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान किसानों पर है। शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर किसानों को अपने धान की बिक्री के लिए केंद्रों पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन करवाना पड़ता है। जिला पणन अधिकारी विवेक इंगले ने 18 नवंबर को जो जानकारी दी, उसके अनुसार जिले में अब तक केवल 57 हजार किसानों ने शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीयन करवाया है। जबकि जिले में किसानों की संख्या 1 लाख 70 हजार से अधिक है। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि किसान पंजीयन करवाने के मामले में स्वयं ही उदासीन दिखाई पड़ रहे हैं। धान खरीदी के लिए मार्केटिंग फेडरेशन को जिलाधिकारी द्वारा 70 केंद्र शुरु किए जाने की अनुमति मिली है। लेकिन अब तक प्रत्यक्ष में इन केंद्रों पर धान खरीदी शुरु ही नहीं हो पाई है। 18 नवंबर तक केवल 12 हजार क्विंटल धान खरीदी होने की बात जिला मार्केटिंग अधिकारी ने बताई है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि खरीफ मौसम का धान लगभग 90 प्रतिशत से अधिक कटाई होकर चुराई हो चुकी है और बड़ी मात्रा में धान खुले बाजार में तथा मंडियों में बिक्री के लिए आ रहा है।

शासकीय धान खरीदी केंद्रों की स्थिति को देखते हुए अब तो यह निश्चित है कि धान की वास्तविक खरीदी का कार्य विधानसभा चुनाव के बाद ही शुरु होगा। जबकि छोटे किसान अपना अधिकतर माल खुले बाजार में बेच चुके हैं। इससे शासन का किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए शुरु की गई शासकीय धान खरीदी योजना की जिले में फिलहाल क्या स्थिति है? यह स्पष्ट हो जाती है। अधिकतर शासकीय कर्मचारी इन दिनों चुनाव ड्यूटी में लगे हैं। इसलिए अब धान की खरीदी-बिक्री 24 नवंबर के बाद ही शुरु होगी और इसी के बाद पंजीयन में भी तेजी आने की उम्मीद है।

# शराब सहित 2 लाख रुपए का माल जब्त

**गोंदिया.**

सालेकसा पुलिस थानांतर्गत जमाकुड़ो में पुलिस ने शराब सहित 2 लाख 3 हजार 150 रुपए का माल जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने जमाकुडो निवासी आरोपी सचिन मारोती चौधरी (35) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई 17 नवंबर को शाम 5 से 6 बजे के आसपास की गई।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जमाकुड़ो में आरोपी सचिन चौधरी द्वारा टाटा सुमो क्रमांक एम.पी.-09-सी.सी.-2264 से शराब का अवैध परिवहन कर रहा था। जांच नाके पर वाहन की जांच की गई तो सीट के एक प्लास्टिक बोरी में रखी देशी शराब, सफेद रंग के टाटा सुमो विक्टा मिलाकर पुलिस ने कुल 2 लाख 3 हजार 150 रुपए का माल जब्त किया है। पुलिस कर्मी विकास वेदक की शिकायत पर अपराध क्रमांक 400/2024 की धारा 65 (अ), 65 (ई), 77 (अ) महाराष्ट्र शराब बंदी कानून के तहत सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मड़ामे के निर्देश एवं पुलिस निरीक्षक भूषण बुराड़े के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी चौबे, अजय इंगले, विकास वेदक ने की।

# वलमाझरी में पर्यावरण-अनुकूल मतदाता केंद्र का निर्माण

**भंडारा.**

विधानसभा आम चुनाव 2024 के अनुरूप 60 साकोली विधानसभा क्षेत्र में मोजा वाल्माज़ारी में एक आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किया गया है. अश्विनी मांझे चुनाव निर्णय अधिकारी एवं उपविभागीय अधिकारी साकोली एवं निलेश कदम के नेतृत्व में तहसीलदार साकोली, नायब तहसीलदार सुश्री. साकोली के समूह शिक्षा अधिकारी गावंडे विजय एडम के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए मतदान केंद्र स्थापित किया गया था.

इस केंद्र में विभिन्न जैव-विविधता को दर्शाया गया है और वन्य जीवन के प्रति स्नेह का संदेश दिया गया है। विभिन्न जंगली जानवरों को चित्रित किया गया है जैसे राज्य पशु, बाघ, तेंदुआ, हिरण, नीलगाय, जंगली जानवर, भालू, मछली, सारस, चील, गिद्ध, रोहित, उल्लू, हरियल जैसे



पक्षियों को चित्रित किया गया है। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर एक खूबसूरत गुफा बनाई गई है. उक्त मतदान केंद्र पूरे राज्य में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.

यह केंद्र है अशोक गायधने जूनियर महा. शिक्षक कुशनमुरारी कटकवार विद्यालय साकोली द्वारा मार्गदर्शन किया गया। याकामी पूर्ण ग्राम पंचायत प्रशासन वलमाज़ारी के साथ-साथ गुटसाधन केंद्र साकोली, केंद्र के प्रमुख बी.जी भूटे, लड़ाई छह. शिक्षक ने सहयोग किया.

# ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी ने की आत्महत्या

**गोंदिया.** गोंदिया के बिरसी विमानतल पर ड्युटी पर तैनात एक पुलिस कर्मचारी द्वारा बंदूक से खुद को ही गोली मारकर आत्महत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना 17 नवंबर की शाम घटित हुई। मृत पुलिस कर्मचारी का नाम पुलिस कॉलोनी मनोहर चौक गोंदिया निवासी राकेश पांडुरंग भांडारकर (37) बताया गया है। मृतक राजेश गोंदिया पुलिस बल में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। वह प्रतिदिन की तरह 17 नवंबर को भी सुबह 10 बजे ड्युटी पर गया था। जहां उसकी ड्युटी शाम 6 बजे खत्म हुई। ड्युटी खत्म होने से कुछ समय पूर्व ही राकेश ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

# मतदाता पहचान पत्र न होने पर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं

**गोंदिया.**

भारत निर्वाचन आयोग के 17 अक्टूबर 2024 के आदेश के अनुसार जो मतदाता मतदान केंद्रों पर अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने में किसी भी कारण से असमर्थ है तो उन्हे चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। अब वे मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) के अलावा अब अन्य दस्तावेजों का उपयोग भी साक्ष के रूप में कर सकते है। आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्र पर मतदाता अपनी पहचान स्पष्ट करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी की गई छायाचित्र सहित पासबुक, कामगार मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी किए गए स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पॅन कार्ड, रजिस्टार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर अंतर्गत जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रम अथवा पब्लिक लि. कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा परिचय पत्र, सांसद, विधायकों को जारी किए गए अधिकृत पहचान पत्र, भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा जारी किए गए विशेष विकलांगता प्रमाणपत्र का भी उपयोग कर सकते है। इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र मतदाता के पहचान के लिए पर्याप्त होगा। इसके अलावा मतदान के दिन अपना नाम मतदाता सूची में खोजने के लिए जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता मदद केंद्र बनाए जा रहे है।

# विधानसभा चुनाव के लिए प्रशासन कर रहा 443 वाहनों का उपयोग

**गोंदिया.** गोंदिया जिले के 4 विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान होने जा रहा है। इसके लिए प्रशासन की ओर से चुनाव कार्य में कुल 443 वाहन उपयोग में लाए जा रहा है। इसमें पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों पर ले जाने-लाने के लिए 151 बसों एवं 35 मिनी बसों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा 3 ट्रक, 1 मिनी ट्रक एवं 2 मेटाडोर भी उपयोग में लायी जाएगी। 251 कार एवं जीप भी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए चुनाव कार्य में लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र वार दी गई जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 99 वाहनों की व्यवस्था की गई है।

# मारपीट कर किया घायल

**गोंदिया.**



रावणवाड़ी पुलिस थानांतर्गत चिरामनटोला निवासी फरियादी गोविंद भरतसिंह बरेले (42) यह अपनी ससुराल कोचेवाही से अपने गांव चिरामनटोला मोटर साइकिल क्रमांक एम.एच.35/आर.2416 से जा रहा था, इसी दौरान कोचेवाही के पास आरोपी क्रमांक 1 से 8 ने फरियादी को पकड़कर उसके साथ मारपीट कर उसे जखमी कर दिया और पास ही धान के खेत में उसे बेहोशी के अवस्था में फेंक दिया। कुछ देर बाद जब फरियादी को होश आया तो उसने अपनी पत्नी एवं रिश्तेदारों को घटना स्थल पर बुलाया। जिन्होंने उसे उपचार के लिए केटीएस जिला अस्पताल गोंदिया में भर्ती कराया। बाद में उसे उपचार के लिए एम्स हॉस्पीटल नागपुर में भर्ती किया गया। यह घटना 12 नवंबर की रात 8.30 से 9 बजे के दौरान घटित हुई। जखमी द्वारा उपचार के दौरान अस्पताल में दिए गए बयान दिया जो रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन को अब प्राप्त हुआ है। जखमी के बयान के आधार पर रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक शशिकिरण नावकर कर रहे हैं।

# 2 लाख 96 हजार 791 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे

## > चुनाव के लिए हिंगनघाट प्रशासन तैयार

**हिंगनघाट.**

कल होने वाले चुनाव के मद्देनजर हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र में मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए हैं. हिंगनघाट विधानसभा के चुनाव निर्णय अधिकारी और उपविभागीय अधिकारी वंदना सवरंगपते के नेतृत्व में तहसीलदार योगेश शिंदे हिंगनघाट, तहसीलदार कपिल हाटकर समुद्रपुर और नायब तहसीलदार सागर कांबले हिंगनघाट चुनाव का संचालन कर रहे हैं.हिंगनघाट चुनाव प्रशासन 46 हिंगनघाट निर्वाचन क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है पुर्ण 20 तारीख को होने वाले चुनाव में 2 लाख 96



हजार 791 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में 351 मतदान केंद्र तैयार किऐ गये है सभी पोलिंग पार्टी को संबंधित मतदान केंद्र के लिए रवाना कर दिया गया है.सभी मतदान केंद्रों पर उचित उपाय योजना बनाई गई है और प्रशासन यह सुनिश्चित करने का ध्यान रख रहा है कि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। कई विशेष बूथ भी बनाये गये हैं आगामी चुनाव की पृष्ठभूमि में चुनाव अधिकारी वंदना सवरंगपते के नेतृत्व में चुनाव विभाग तैयार है.

# रणरागिनी मंच ने मनाया तुलसी विवाह समारोह

**वर्धा.**

हवालदारपुरा रणरागिनी मंच की ओर से तुलसी विवाह समारोह मनाया गया, इसके लिए क्षेत्र की महिलाओं ने एकत्रित होकर हर्षोल्लास के साथ यह समारोह मनाया. महिलाओं ने अपने घरों से तुलसी और कृष्ण की प्रतिमा लाकर उन्हें एक साथ रखा और विधिवत पूजा की।

जीवन में तनाव और समस्याओं को खत्म करने के लिए सामुदायिक तरीके से एक साथ आना बहुत जरूरी है, समाज में एकता बनाए रखने के लिए सामूहिक कार्यक्रमों का होना जरूरी है जो एक-दूसरे के बीच संबंधों



को मजबूत करें।

ये विचार इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने व्यक्त किये।

कार्यक्रम की सफलता के लिए रणरागिनी मंच अध्यक्ष संगीता बढे, रेनू बढे, वरिष्ठ नागरिक जनाबाई चौधरी, उषा बढे, डॉ. अपर्णा भाईमारे, कल्पना टेकाड़े, शालू चौधरी, वैशाली चौधरी, ज्योति चामटकर, शीतल बढे, मोना कोल्हे, तेजल दोषी, राजसी कोल्हे, प्रिशा तृष्टि दोशी, सुमति बड़े ने कड़ी मेहनत की।

# पोस्ट ऑफिस से महात्मा गांधी चौक मार्ग तक वाहन पार्किंग और परिवहन पर रोक

## > पुलिस अधीक्षक ने जारी की अधिसूचना

**वर्धा.**

वर्धा विधानसभा क्षेत्र का केंद्रीय चुनाव कार्यालय एवं स्ट्रांगरूम जीएस कॉमर्स कॉलेज यहां स्थित है. विधानसभा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने, सार्वजनिक स्थानों पर व्यवस्था और यातायात बनाए रखने, जनता को खतरे, बाधा और असुविधा से बचाने के लिए, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 33 (1) (बी) के अनुसार, यातायात मुख्य डाकघर से महात्मा गांधी प्रतिमा तक के मार्ग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन ने अस्थाई आदेश जारी कर परिपत्र के माध्यम से जानकारी दी है। इस आदेश में 19 नवंबर 2024 को सुबह 6 बजे से सुबह 6 बजे तक वाहनों की पार्किंग, 19 नवंबर को सुबह 6 बजे से 23 नवंबर को सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है.

इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के तौर पर वाहन चालक 19 नवंबर को सुबह 6 बजे से 21 नवंबर को सुबह 6 बजे के बीच वाहन का प्रयोग करें. 23 नवंबर को सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक पोस्ट ऑफिस चौक से महात्मा गांधी प्रतिमा होते हुए बाबा साहेब अंबेडकर चौक मार्ग तक आदेश में कहा गया है कि उक्त आदेश चुनाव में प्रयुक्त वाहन पर लागू नहीं होगा.

# मतदान के लिए आज कर्मियों को सवैतनिक अवकाश

**वर्धा.**

विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 नवंबर 2024 को वोटिंग होगी. ताकि निर्वाचन क्षेत्र के सभी श्रमिक मतदाता अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकें, उद्योग, ऊर्जा, श्रम और खान विभाग। सरकार के फैसले के मुताबिक 7 नवंबर 2024 को मतदान के लिए कर्मचारियों का अवकाश घोषित किया गया है. चुनाव के दिन किसी भी परिस्थिति में अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाना चाहिए। असाधारण परिस्थितियों में, यदि श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देना संभव नहीं है, तो मतदान क्षेत्र में श्रमिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अवकाश के बदले केवल




दो से तीन घंटे की छूट दी जा सकती है। लेकिन इसके लिए फैक्ट्री मालिक को जिला चुनाव रिटर्निंग अधिकारी की पूर्व अनुमति लेनी होगी। उक्त आदेश उद्योग, ऊर्जा, श्रम विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों आदि पर लागू होगा। जैसे निजी कंपनियों के प्रतिष्ठानों में सभी दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान, आवासीय होटल, रेस्तरां, थिएटर, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या अन्य प्रतिष्ठान और साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, मॉल, खुदरा विक्रेता आदि शामिल हैं।

## > मतदान के लिए छुट्टी न देने पर शिकायत दर्ज करें

### मतदान के दिन अवकाश न देने पर होगी कार्रवाई

उद्योग, ऊर्जा, श्रम विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों आदि के मालिक, प्रबंधन उपरोक्त निर्देशों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करें। मतदान के लिए छुट्टी या पूर्व अनुमति से छूट नहीं देने पर प्रतिष्ठान धारकों पर कार्रवाई की जाएगी. आस्थापन धारको ने अगर मतदान के लिए छुट्टी न देने के लिए सरकारी श्रम पदाधिकारी ने श्रम कार्यालय में स्थापित 07151-242502 या मेल आईडीglowardhaof@gmail.com पर शिकायत दर्ज करें.

# अशोक जवादे के निवासस्थान पर आग से लाखों का नुकसान



**हिंगनघाट.**

शहर के डॉ. आंबेडकर चौक यहां अशोक जवादे के निवासस्थान पर आज दोपहर 1.30 बजे दरमियान आग लग के घर के सभी साहित्य जलकर खाक हुए। ये आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने का अंदाज किया जा रहा है। लेकिन सुदैव से इसमें कोई जीवित हानी नहीं हुई। आग लगने पर परिवार ने अग्नीशमन दल को पाचारण किया। स्थानीय कृषी उत्पन्न बाजार समिती की अग्नीशमन विभाग की टिम सर्वप्रथम घटनास्थल पहुंची।

उसके बाद नगरपालिका अग्निशमन सेवा की गाड़ी पोहची और आग नियंत्रण में लाई गई। आग में घर के सभी साहित्य, अनाज, कपडे, बेड बिस्तर फर्निचर, फ्रिज, एअर कंडीशनर जल गए। जिसमे लाखो की वित्त हानी होने का अंदाज दर्शाया गया।

# 3,20,000 रु. की शराब पकड़ी



**हिंगनघाट.**

अपराध अन्वेषण पथक का पुलिस स्टेशन परिसर में विधानसभा चुनाव के संबंध में पुलिस ठाणे की हद में कोंबिग ऑपरेशन किया जा रहा था। इसी दरमियान संत चोखोबा वार्ड हिंगनघाट के निवासी आकाश उर्फ लला धनराज शिंदे ये उसकी चारचाकी वाहन से देशी दारु का माल लेकर नंदोरी रोड से हिंगनघाट को लाने की बात पता चली। इस जानकारी पर पथक ने मौजा कडाजना में नाकाबंदी कर प्रो. रेड कार्रवाई की। इसमें उसकी चौपहिया गाडी क्र. एमएच 31 सीएस 4688 कीं 250000 की डिक्की में देशी शराब के 7 बॉक्स में 700 बॉटल्स कीं 70000/- रू. ऐसा कुल 3,20,000/-रू का माल जप्त किया। उसके खिलाफ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। ये कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कुमार कवडे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडीत के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक मनोज गभने के आदेश से पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक आलंदे, डी.बी. पथक के पुलिस हवालदार प्रशांत ठोंबरे, राहुल साठे, विवेक वाकडे, मंगेश वाघमारे, आशिष नेवारे, विजय काले ने की।

# हर संकट में जनता के साथ खड़े रहे गिरीश पांडव

## दक्षिण नागपुर में महाविकास आघाड़ी के हैं उम्मीदवार

नागपुर। दक्षिण नागपुर विधानसभा क्षेत्र में महाविकास आघाड़ी ने इस बार एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जो जनता के बीच उनकी सेवा और समर्पण के लिए पहले से ही लोकप्रिय हैं। गिरीश पांडव को सामाजिक कार्यों में उनकी उल्लेखनीय भूमिका के लिए पहचाना जाता है, जिन्होने ने हमेशा से जनहित को प्राथमिकता दी है।

चाहे कोरोना महामारी का समय हो या कोई प्राकृतिक आपदा, पांडव हर बार सबसे पहले मदद के लिए आगे आए। 2019 के विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद, उन्होंने अपने काम को रुकने नहीं दिया। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पांडव ने जनता की भलाई के लिए निरंतर कार्य किया। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने भोजन, दवाइयों और अन्य जरूरी सामानों का वितरण सुनिश्चित किया। उनके नेतृत्व में कई जरूरतमंद परिवारों को सहारा मिला।

गिरीश पांडव की यही सक्रियता और जनता के प्रति उनका समर्पण है, जिसने कांग्रेस पार्टी और महाविकास आघाड़ी को उन पर दोबारा भरोसा करने के लिए प्रेरित किया। आज जब वे दक्षिण नागपुर से चुनावी मैदान में हैं, तो उनकी प्राथमिकता वही है-क्षेत्र के विकास के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का समाधान।

गिरीश पांडव का मानना है कि राजनीति का असली उद्देश्य जनता की सेवा है। उन्होंने अपने काम से इस बात को साबित भी किया है। वे न केवल समाज के हर वर्ग के साथ जुड़े हैं, बल्कि उनकी जरूरतों को समझते हुए उन्हें पूरा करने की हरसंभव कोशिश भी करते हैं।

गिरीश पांडव का व्यक्तित्व और उनकी सेवा भावना उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाती है। जनता के दिलों में उनकी जगह पक्की है, और यही विश्वास उनके चुनाव अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।



## नया सपना, नई उम्मीदें

गिरीश पांडव ने दक्षिण नागपुर के विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। उनका कहना है कि यदि जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि बनने का मौका दिया, तो वे क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उनकी प्राथमिकताएं रोजगार के अवसर बढ़ाना, शिक्षा को सुदृढ़ करना और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना हैं।

## पांडव अकेले ही सब पर भारी: पटोले



विश्वकर्मानगर में कांग्रेस-महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार गिरीश पांडव प्रचार सभा का आयोजन किया गया था. इस दौरान महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महाभारत में स्वार्थी, अहंकारी और तानाशाही रवैये को खत्म करने का काम 5 पांडवों ने किया था, लेकिन वर्तमान कौरवों को हराने के लिए हमारा अकेला पांडव काफी है. महायुति ने राज्य से भीख मंगवाने का काम किया. नागपुर में आने वाले उद्योगों को गुजरात को अर्पित किया गया. उन्होंने जनता से आह्वान किया कि युवाओं को रोजगार से वंचित रखने वाली पार्टी को सत्ता से वंचित करें. साथ ही अपने कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश पांडव को बड़े अंतर से जिताएं. उन्हें जल्द ही बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, इसलिए उन्हें जिताकर विधानसभा भेजें.

# जिले में मतदान के लिए सारी तैयारियां पूरी

**गोंदिया.**



विधानसभा चुनाव के लिए गोंदिया जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान होने जा रहा है। इसके लिए प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां पुरी कर ली गई है। विधानसभा चुनाव के लिए जिले में कुल 1285 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसके लिए 1285 मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ती की गई है। विधानसभा क्षेत्र वार देखा जाए तो अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में 318, तिरोड़ा में 295, गोंदिया में 361 एवं आमगांव विधानसभा क्षेत्र में 311 मतदान केंद्र बनाए गए है। इन केंद्रों पर कुल 11 लाख 25 हजार 100 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी प्रजित नायर ने 18 नवंबर को उपविभागीय अधिकारी कार्यालय गोंदिया के सभागृह में आयोजित पत्र परिषद में दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव में अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में 19, तिरोड़ा में 21, गोंदिया में 15 एवं आमगांव में 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। जिले में अब तक 481 व्यक्तियों ने घर बैठे मतदान प्रक्रिया का लाभ उठाकर मतदान किया है। जबकि पोस्टल बॅलेट द्वारा 6 हजार 450 मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा चुनाव के लिए जिले में कुल 13 उड़नदस्ते बनाए गए है। जिसमें अर्जुनी मोरगांव के लिए 4, तिरोड़ा के लिए 3, गोंदिया के लिए 3 एवं आमगांव के लिए 3 उड़नदस्ते बनाए गए है। स्थिर सर्वेक्षण पथकों की संख्या 18 है। जबकि 14 वीडियो सर्वेक्षण पथक बनाए गए है। चुनाव खर्च की जांच के लिए कुल 4 टीमे बनाई गई है। हर विधानसभा क्षेत्र में एक टीम चुनाव खर्च की जांच करेंगी। उसी प्रकार छायाचित्रीकरण निरीक्षण के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 इस तरह कुल मिलाकर 4 टीमे बनाई गई है। चुनाव के लिए कुल 130 झोनल और सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिनमें अर्जुनी मोरगांव के लिए 31, तिरोड़ा के लिए 29, गोंदिया के लिए 36 एवं आमगांव के लिए 34 अधिकारियों की नियुक्ती की गई है। जिले में मतदान के लिए कुल 5 हजार 724 अधिकारी एवं कर्मचारियों की नियुक्ती की गई है। इनमें अर्जुनी मोरगांव के लिए 1412, तिरोड़ा के लिए 1312, गोंदिया के 1612 एवं आमगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 1388 अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किए गए है।

पत्र परिषद में जिलाधिकारी ने यह जानकारी भी दी कि जिले के सभी 1285 मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक उपचार के लिए फस्ट एड किट उपलब्ध कराई गई है।

विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम तलाशने में किसी प्रकार की तकनिक या परेशानी न हो इसके लिए वोटर हेल्प लाईन अॅप का उपयोग कर मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम की जांच कर सकता है। इसके लिए जिले के सभी तहसील कार्यालयों में मतदाता मदद केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी: एसपी गोरख भामरे

पत्र परिषद में उपस्थित जिला पुलिस अधिक्षक गोरख भामरे ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस विभाग ने सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली है। इसके लिए बाहर से आए सुरक्षा बलों के साथ ही होमगार्ड एवं स्थानीय पुलिस को नियुक्त किया जाएगा। आचार संहिता की अवधी में अब तक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 1 करोड़ 25 लाख रूपए की शराब एवं ड्रग जप्त किए है। उसी प्रकार इंटर स्टेट चेक पाईंट पर भी लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। अगले दो दिनों में जांच को और अधिक सख्त किया जाएगा। साथ ही नागरिकों में सुरक्षा भाव निर्माण करने की दृष्टि से रूट मार्च भी किया जा रहा है।

# शेलके ने प्रचार के दौरान जनता से किया संपर्क



**नागपुर.**

मध्य नागपुर विधानसभा क्षेत्र के महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार बंटी शेलके ने प्रचार के आखिरी दिन पदयात्रा करते हुए नागरिकों से सीधे संपर्क किया. उन्होंने इस समय कहा कि मैं मध्य नागपुर का सामान्य घर से आने वाला एक बेटा हूं, आपका आशीर्वाद चाहिए. बंटी शेलके ने लेंडी तलाव, गोलीबार चौक, मस्कासाथ, इतवारी, नेहरू पुतला, महाल, चिटणिस पार्क, दक्षिणामूर्ति चौक, वॉकर रोड, चितारोली जैसे इलाकों में पदयात्रा की. इस यात्रा में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे. महाल के विभिन्न मंदिरों में जाकर शेलके ने दर्शन किए. इस दौरान उन्होंने अपना वचननामा भी जारी किया. रैली में कांग्रेस के महासचिव अतुल कोटेचा, शिवसेना जिला प्रमुख नितिन तिवारी, श्रीकांत ढोलके, अजीज भाई, अनिल मछले, संजय राम हेडाऊ, राष्ट्रवादी कांग्रेस के शिव भेंडे, शहर युवा कांग्रेस प्रमुख तौसिफ खान, रिंकू जैन, डॉ. मेहुल अडवाणी, पूर्व पार्षद जुल्फिकार अहमद भुट्टो, पिंटू बागड़ी, अतीक कुरेशी, गणेश शाहू, यशवंत तुलसीकर, संजय दूधे, महेश श्रीवास, गोपाल पट्टम, मोतीराम मोहाडीकर सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए.

## शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा जिला स्तरीय युवा उत्सव में तृतीय स्थान पर

**सौंसर.** शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा द्वारा शासकीय महाविद्यालय परासिया में जिला स्तरीय युवा उत्सव के सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए पक्ष के समूह नृत्य मंगलागौरी लोकनृत्य लोधीखेड़ा महाविद्यालय की छात्राओं तृतीय स्थान पर रही। मंगलागौरी लोकनृत्य जो नव विवाहित महिलाओं के लिए उनके विवाह के 5 वर्षों के लिए एक उत्सव है जिसमें आसपास के घरों की एवं ससुराल और मायके पक्ष की महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित होकर मां गौरी के लिए प्रार्थना करती है एवं उसे उत्सव के रूप में मनाती हैं, जिसमें महिलाएं सुखी विवाह के लिए देवी गौरी से प्रार्थना करती हैं दर्शाया गया। लोधीखेड़ा शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं की प्रस्तुति में फुगड़ी नाच, घूमा लाटया बाई लाटया घागर घूम दे जैसे नृत्य शामिल रहे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 227-1 | 448-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 135-9 | 170-8 |



# भिलगांव सहित क्षेत्र के विकास कार्यों के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान करने वाला भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले विधायक होना चाहिए

**कामठी / सौमित्र नंदी**

कामठी - मौदा विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए आज मंगलवार को मतदान होगा. मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा. विधान सभा चुनाव की रणभेरी आवाज बंद हो चुकी है. दावेदार मैदान में किस्मत आजमाने कूद चुके हैं तो वोटरों ने भी दावेदारों को परखना शुरू कर दिया है कि उनके क्षेत्र का विधायक कैसा हो ? इसको लेकर वोटरों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. वोटरों का कहना है कि पांच साल में लोकतंत्र का त्योहार आता है. उसका भली भांति चुनाव करना चाहिए. परंतु भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि राज्य के हित में कार्य करने वाली हमारी सरकार हो तथा क्षेत्र की बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़कों व स्कूल, बेरोजगारों, गरीबों की समस्या का समाधान करने के साथ ही क्षेत्र के विकास में दूर दृष्टि रखने वाला भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले जैसा हमारा विधायक होना चाहिए. साथ ही क्षेत्र के विकास कार्यों का आगे बढ़ाने के साथ ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने वाला भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले हमारा विधायक होना चाहिए. उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए भीलगांव के भाजपा पदाधिकारियों ने नागपुर मेट्रो समाचार के उपसंपादक/स्पेशल रिपोर्टर सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी से वार्तालाप कर कही.



विधानसभा चुनाव में आज होने वाले मतदान में जिला परिषद सदस्य मोहन माकड़े ने कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र में लोगों से भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले के पक्ष में मतदान करने की अपील की. महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार बनाने और कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र में खुशियली व विकास लाने के लिए भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले को जीत दिलाने की अपील की. उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो बिना भेदभाव के हर गरीब, किसान, नौजवान, महिला और बेटी के जीवन में खुशहाली व विकास आएगी.



भिलगांव ग्राम पंचायत उपसरपंच मनोज जीभकाटे ने कहा कि भाजपा पार्टी के घोषणा-पत्र में सभी वर्गो के कल्याण और शहर के विकास को प्राथमिकता दी गई है. भाजपा ने समुचित पेयजल, सड़क, नालों की व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य नागरिक सुविधाएं मुहैय्या करवाया है. भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो एक-सी कथनी और करनी में विश्वास करती है. भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले को जीत दिलवाकर क्षेत्र में अन्य प्रलंबित कार्यो क्रियान्वित किया जा सके.



भाजपा भिलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे ने कहा कि शिक्षित, ईमानदार और जनता के सवालों को लेकर आवाज बनने वाले भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले को वोट देंगे. क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले स्थानीय समस्याओं के प्रति संवेदनशील और उसका निराकरण के प्रति हमेशा तत्पर रहते हैं. क्षेत्र में महिलाओं को सुरक्षा मिले इसका विजन उनके पास है. क्षेत्र के विकास, बिजली व्यवस्था जैसे मुद्दे पर व जो हर वर्ग को समान दृष्टि से देखने वाले भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले को जीत के लिए वोट करेंगे.



भाजपा महिला बचत गट, नागपुर जिला संयोजिका लतेश्वरी ब्रह्मा काले का कहना है कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना ने काफी प्रभाव डाला है, अब तक लगभग 2.5 करोड़ महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया है. यह वित्तीय सहायता महिलाओं को अपने उद्यमों में निवेश करने और आर्थिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ने में सक्षम बनाने में सहायक रही है. इस योजना में लाभार्थी महिलाओ को अन्य सुविधाये भी प्रदान की जाती है, महिला समृद्धी कर्ज योजना में 4 प्रतिशत ब्याज दर होने वाला है, और लोन लेने वाले लाभार्थी को 3 साल में इस लोन को चुकाना होगा. साथ ही भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले ने भी शासन निधि से इस क्षेत्र में विकास कार्य करवाकर विकास पुरुष बन गए.



भाजपा महिला आघाडी भिलगांव अध्यक्ष, बेटी बचाव बेटी पढाव, कामठी विधानसभा संयोजिका, विकसित भारत संकल्प यात्रा संयोजिका, श्री राष्ट्रसंत टुकड़ोजी महाराज ग्रामगीता जीवन विकास परीक्षा विभाग परीक्षा केंद्र प्रमुख सुचिता वाड़ीभस्मे मेश्राम ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुळे जो बोलते है वो करते है. उन्होने महिलाओ ओर बेटीयो के लिये बोहोत सारी योजनाये शुरु किए. उन्होने महिला सशक्तिकरण को बखुबी समझा और निभाया भी है. आज की नारी को जो आत्मसम्मान ओर गर्व खुद पर है उनकी वजह चंद्रशेखर बावनकुळे है. क्षेत्र मे विकास कार्य के लिए विकास पुरुष बने हुए हैं. उनमें सबसे बड़ी खूबी यह है कि खुद को नेता ना समझकर एक आम आदमी समझते हुये आम आदमी के सुख दुख में शामिल रहते है.



भाजपा कामठी तालुका महामंत्री ब्रह्मा काले ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले ही हमारा विधायक हो, जो राज्य के विकास के साथ क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने वाला हो. हमारी समस्याओं को विधान सभा में बेबाक तरीके से उठा सके. जनता के दुख दर्द को समझ सके. हमारे क्षेत्र के विकास की सोच रखता हो. भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले जैसे विधायक को ही हम चुनेंगे.



राजकमल किराना सुपर बाजार भिलगांव संचालक शालिक वंजारी ने कहा कि विधायक भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले जैसा हो ताकि किसी के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया नहीं अपनाना चाहिए. उसके लिए अमीर हो या गरीब सभी उसके क्षेत्र के नागरिक हैं, सभी का ध्यान रखना उनका नैतिक दायित्व है. यदि ऐसी सोच वाला नेता विधायक बने तो अच्छा होगा. हमारे प्रिय नेता भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले हैं. उन्होंने ने पूरे प्रदेश में गरीबों के हितों की बहुत सी विकास पूर्ण योजनाएं चलायीं. विधायक भी विकास पुरुष चंद्रशेखर बावनकुले



फ्यूचर लैंड डेवलपर्स के एकनाथ भनारे तथा बॉडी फिट जिम के नितेश भनारे, प्रणाल भनारे का कहना है मतदान करना सभी का दायित्व है. हर किसी को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरुर करना चाहिए. तभी हम एक अच्छा शासन दे सकेंगे, जो देश का विकास करने के साथ साथ हर तरह से इसे मजबूत बना सके. विधानसभा में चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले जैसा विधायक चुना जाए जो न केवल क्षेत्र का विकास करे, बल्कि लोगों के समस्याओं को भी दूर कर सके.



भाजपा कामठी तालुका महामंत्री सौ. रजनी राजेश भनारे तथा परमात्मा एक सेवक संघ, भिलगांव सचिव राजेश कृष्णाराव भनारे ने कहा कि विधायक का काम अपने क्षेत्र का विकास करना होता है. विधायक चंद्रशेखर बावनकुले जैसा विकास पुरुष होना चाहिए. उनके जहन में अपने क्षेत्र के विकास की बात हर समय रहती. हमारे प्रिय नेता भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले है. कारण वे सिर्फ विकास की ही बात कहते हैं. उन्होंने परमात्मा एक सेवक के लिए 26 लाख निधि उपलब्ध करवाकर समाज भवन का निर्माण करवाया और भीलगांव क्षेत्र में लोकहित में विकास कार्य किए हैं.

**इन पदाधिकारियों ने बताया कि महालक्ष्मी जगदंबा कोराडी मंदिर, ड्रैगन पैलेस टेंपल में विशेष योगदान, मोक्षधाम, केमिस्ट के बने ढाल, क्रीड़ा संकुल स्टेडियम, दर्जी समाज भवन, मुस्लिम समाज भवन, आधुनिकतम रेलवे स्टेशन, गौशाला, कामठी उपजिला अस्पताल, महादेव घाट परिसर, जीर्णोद्धार, सीताराम मंदिर, कोराड़ी-खापरखेड़ा मार्ग, मेट्रो रेलवे, सुरक्षा पर दो थाना, मुस्लिम कब्रस्तान सौंदर्यीकरण, पीली नदी से एलआयसी बाय पास पुल, लाड़की बहना योजना, गायत्री उपवन, श्री शिव पंचायतन मंदिर, अन्य विकास कार्य भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले द्वारा सड़क, बिजली, पानी को प्राथमिकता देकर सरकार से निधि उपलब्ध करवाकर क्षेत्र में जनहित समस्याओं का निराकरण किया गया.**